# कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

## प्रेस नोट

**दिनांक-26.04.2025**

**विषयः- अपहरण के मुकदमे में वांछित अभियुक्त हिमांशु यादव थाना शिवपुर पुलिस द्वारा गिरफ्तार, अपहृता/पीड़िता बरामद।**

श्रीमान् पुलिस आयुक्त वाराणसी के अपराधों की रोकथाम एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान् पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण मे, श्रीमान् सहायक पुलिस आयुक्त कैन्ट के कुशल नेतृत्व में थाना शिवपुर पुलिस टीम द्वारा **"ऑपरेशन चक्रव्यूह"** के तहत मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0-172/2025 धारा 87 बी0एन0एस0 थाना शिवपुर कमि0 वाराणसी से सम्बन्धित नामजद वांछित अभियुक्त हिमांशु यादव पुत्र सभाजीत यादव निवासी ग्राम वविर्छा पोस्ट थाने रामपुर थाना फूलपुर जनपद वाराणसी को आज दिनांक-26.04.2025 को समय करीब 07.45 बजे शिवपुर रेलवे स्टेशन थाना शिवपुर कमि0 वाराणसी से गिरफ्तार करते हुए पीड़िता/अपहृता की बरामदगी की गयी। उक्त सम्बन्ध में थाना शिवपुर पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**घटना का विवरण-**

दिनांक 26.04.2025 को वादी मुकदमा/प्रार्थी ने उनकी पुत्री उम्र करीब 20 वर्ष को उनके घर के पास से विपक्षी हिमांशु यादव द्वारा जबरदस्ती अपनी स्कार्पियो गाड़ी से ले जाने के सम्बन्ध में लिखित प्रार्थना पत्र दिया, जिसके आधार पर थाना शिवपुर में मु0अ0सं0-172/2025 धारा 87 बी0एन0एस0 पंजीकृत किया गया। जिसकी विवेचना उ0नि0 ध्रुव नारायण लाल द्वारा संपादित की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

हिमांशु यादव पुत्र सभाजीत यादव निवासी ग्राम वविर्छा पोस्ट थाने रामपुर थाना फूलपुर जनपद वाराणसी, उम्र 22 वर्ष।

**विवरण पूछताछ-** अभियुक्त हिमांशु यादव ने पूछताछ करने पर बताया कि मैं अपहृता/पीड़िता से प्यार करता हूं। मैंने उससे शादी करने का वादा किया था और आज हम शादी करने के लिए ही जा रहे थे कि आप लोगों ने मुझे पकड़ लिया।

**गिरफ्तारी दिनांक, समय व स्थान-**

दिनांक-26.04.2025 को समय करीब 07.45 बजे, शिवपुर रेलवे स्टेशन थाना शिवपुर कमि0 वाराणसी।

**<u>बरामदगी का विवरण-</u>** मुकदमा उपरोक्त से संबंधित अपहृता/पीड़िता, उम्र 20 वर्ष।

**<u>आपराधिक इतिहास-</u>**

1. मु0अ0सं0 172/2025 धारा 87 बी0एन0एस0 थाना शिवपुर कमि0 वाराणसी।

**<u>गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-</u>**

1- उ0नि0 ध्रुव नारायण लाल थाना शिवपुर कमिश्नरेट वाराणसी।

2- का0 अजीत कुमार थाना शिवपुर कमिश्नरेट वाराणसी।

3- का0 अश्वनी आर्य थाना शिवपुर कमिश्नरेट वाराणसी।

4- म0का0 नीलम देवी थाना शिवपुर कमिश्नरेट वाराणसी।



**सोशल मीडिया सेल**

**पुलिस उपायुक्त**

**वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी**